प्रादेशिक समाचार

दिनांक– 09.10.2025 (दोपहर–1310 बजे)

मुख्य समाचार

- केन्द्र दूषित कफ सिरप से हुई मौतों पर गंभीर, झारखंड समेत सभी राज्यों के औषधि नियंत्रकों को दवाइयों के बाज़ार में जारी होने से पहले परीक्षण सुनिश्चित करने के दिये निर्देश।
- स्वास्थ्य मंत्री डा. इरफान अंसारी की अध्यक्षता में रिम्स शासी परिषद की 61वीं बैठक शुरु, 25 एजेंडों चर्चा जारी, लिए जायेंगे कई महत्वपूर्ण निर्णय।
- गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग ने जारी की झारखंड आंदोलनकारियों की 37वीं सूची, सूची में 10 जिलों के 854 आंदोलनकारी शामिल।
- मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन अब से थोड़ी देर बाद रांची में जेसोवा दीवाली मेले का करेंगे शुभारंभ, अगले पांच दिनों तक आयोजित होंगे कई सामाजिक–सांस्कृतिक कार्यक्रम।
- वीनू मांकड़ ट्राफी अंडर–19 वनडे क्रिकेट टूर्नामेंट आज से रांची में, 17 अक्तूबर तक आयोजित होने वाली इस प्रतियोगिता में 15 मैच खेले जायेंगे।

****

केन्द्र ने झारखंड समेत सभी राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों के औषधि नियंत्रकों से दवाइयों के प्रत्येक बैच के निर्माण और बाज़ार में जारी करने से पहले परीक्षण सुनिश्चित करने के उपाय करने को कहा है।

****

राज्य के स्वास्थ्य मंत्री डा. इरफान अंसारी की अध्यक्षता में रिम्स शासी परिषद की 61वीं बैठक शुरु हो गयी है। बैठक में 25 एजेंडों पर चर्चा हो रही है। इस दौरान नये सुपर स्पेशियलिटी कोर्स शुरू करने और पूर्व में संचालित कोर्स की सीट बढ़ाने समेत कई महत्वपूर्ण निर्णय लिये जा सकते हैं।

****

शिक्षा मंत्रालय तथा स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय आज तंबाकू मुक्त युवा अभियान के तीसरे चरण का शुभारंभ करेगें। शिक्षा मंत्रालय ने कहा कि यह राष्ट्रीय अभियान सरकार के तंबाकू मुक्त पीढ़ी के सपने को साकार करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

****

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज मुंबई में ब्रिटेन के प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर से मुलाकात की। दोनों नेताओं के बीच विजन 2035 रोडमैप के तहत भारत–ब्रिटेन व्यापक रणनीतिक साझेदारी को मजबूत करने पर चर्चा हुई। बाद में अपने वक्तव्य में श्री मोदी ने कहा कि पीएम कीर स्टार्मर के नेतृत्व में भारत और ब्रिटेन के संबंधों में उल्लेखनीय प्रगति हुई है।

****

गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग ने झारखंड आंदोलनकारियों की 37वीं सूची जारी कर दी है। इस सूची में 854 आंदोलनकारियों को शामिल किया गया है। ये आंदोलनकारी राज्य के 10 जिलों बोकारो, देवघर, धनबाद, दुमका, गिरिडीह, गोड्डा, जामताड़ा, खूंटी, रांची और सरायकेला के रहने वाले हैं। जारी सूची के अनुसार जामताड़ा जिले में सबसे अधिक 306 आंदोलनकारी चिह्नित हुए हैं जबकि बोकारो जिले में सबसे कम केवल एक आंदोलनकारी को चिह्नित किया गया है।

****

आकाशवाणी के ताजातरीन समाचारों के लिए आप हमारी

वेबसाईट news on air.gov.in पर लॉग ऑन कर सकते हैं।

ताजा समाचार एक्स हैंडल @AIR news alerts और फेसबुक पेज All India Radio news पर भी उपलब्ध है।

आप प्रादेशिक समाचार एकांश के एक्स हैंडल

@AIR news अंडर स्कोर_ranchi

और

फेसबुक पेज आकाशवाणी न्यूज रांची,

इंस्टाग्राम पेज तथा

YOUTUBE Channel AIR NEWS Ranchi

पर भी हमारे बुलेटिन सुन सकते हैं।

****

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन अब से थोड़ी ही देर बाद झारखंड आईएएस ऑफिसर वाइफ एसोसिएशन, जेसोवा दीवाली मेले का शुभारंभ करेंगे। जेसोवा दीवाली मेले ने इस साल अपने रजत जयंती वर्ष में प्रवेश किया है। यह मेला 13 अक्तूबर तक चलेगा और इस दौरान कई समाजिक–सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन होगा।

****

मत्स्य उत्पादन के क्षेत्र में कोडरमा ने राज्य में तीसरा स्थान हासिल किया है। वर्तमान समय में जिले के तकरीबन साढे सात हजार किसान मत्स्य पालन से जुड़कर अपनी आर्थिक स्थिति को सुदृढ़ करने में जुटे हैं।

****

लोक आस्था के महापर्व छठ को देखते हुए रांची नगर निगम ने छठ घाटों की सफाई अभियान तेज कर दी है। नगर आयुक्त सुशांत गौरव ने अधिकारियों की टीम के साथ कई छठ तालाबों का निरीक्षण किया। बाद में पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा कि छठ से पहले तालाबों और घाटों को श्रद्धालुओं के लिए पूरी तरह तैयार किया जा रहा है।

****

सकारात्मक वैश्विक संकेतों के बीच घरेलू शेयर बाजार के सेंसेक्स और निफ्टी आज शून्य दशमलव चार प्रतिशत की बढ़त के साथ कारोबार कर रहे थे। अंतिम समाचार मिलने तक बाम्बे स्टॉक एक्सचेंज का सेंसेक्स 333 अंक बढ़कर 82 हजार 106 पर और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 121 अंक बढ़कर 25 हजार 167 पर कारोबार कर रहे थे।

****

सर्राफा बाजार में आज रांची में 22 कैरेट सोने का भाव एक लाख 14 हजार रुपये प्रति दस ग्राम है जबकि चांदी की कीमत एक लाख 57 हजार रुपये प्रति किलो है।

****

वीनू मांकड़ ट्राफी अंडर–19 वनडे क्रिकेट टूर्नामेंट आज से रांची में शुरु हो रहा है। 17 अक्तूबर तक चलने वाली इस प्रतियोगिता में कुल 15 मैच खेले जायेंगे। ये मुकाबले जेएससीए मुख्य स्टेडियम, ओवल ग्राउंड और उषा मार्टिन अकादमी में खेले जाएंगे।

****